टी-20 क्रिकेट में कोई चर्चा नहीं, मैं ही महान हूं: क्रिस गेल

नई दिल्ली 9 अगस्त (ए.)। क्रिस गेल का नाम सुनते ही मैदान में उनके लंबे-लंबे छक्के याद आ जाते हैं। गेल खुद को यूनिवर्स बॉस मानते हैं इतना ही नहीं गेल यह भी मानते हैं कि बिना किसी शक के टी20 क्रिकेट में वह ही सबसे महान खिलाड़ी हैं। अपनी बात को साबित करते है हुए उसीका का यह खिलाड़ी कहता है, टेस्ट और वनडे क्रिकेट में भले नंबर 1 खिलाड़ी के लिए चर्चा है, लेकिन टी 20 क्रिकेट में यह चर्चा का विषय नहीं है। सब जानते हैं कि यहां मैं ही महान हूं। दुनिया मानती है कि टी 20 में बेस्ट क्रिकेटर किस गेल ही है। टी 20 क्रिकेट में जो मैंने साबित किया है वह इस दुनिया से बाहर की ही चीज है। मैंने इस खेल को अपने ही अंदाज में गढ़ा है। इसलिए मैं ही यूनिवर्स का बॉस हूं। हमेशा मजाक करने वाले और इंजॉय करने वाले गेल पूरी गंभीरता के साथ अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहते हैं, सिर्फ मैं ही नहीं मानता दूसरे भी मानते हैं कि मैं यूनिवर्स का बॉस हूं और कभी किसी ने इस पर सवाल नहीं उठाया है। वेस्ट इंडीज का यह धाकड़ बल्लेबाज इन दिनों क्रिकेट से इतर एक पोकर वेबसाइट अड्डा52 के प्रमोशन के लिए भारत दौरे पर हैं। गेल इस वेबसाइट के ब्रांड एंबेसडर हैं।

बहुत कम लोग जानते हैं कि क्रिस गेल ने अपने सीनियर क्रिकेट करियर की शुरुआत वेस्ट इंडीज से नहीं बल्कि भारत से की थी। साल 1998 में गेल का चयन वेस्ट इंडीज टीम में भारत के खिलाफ सीरीज के लिए हुआ था। इस दौर पर वह पूणे के मैदान पर खेले थे और गेल के लिए भारत में सबसे यादगार पलों में वह आज भी सबसे खास है।

भारत से जुड़ी हैं यादें

गेल कहते हैं कि लोग भारत में मेरे यादगार पलों में आईपीएल के दौरान बेंगलुरु में खेली मेरी वर्ल्ड रेकॉर्ड 175 रन की पारी को खास बताते हैं। लेकिन इस देश में मेरी ढेर सारी यादें हैं। मैंने यहां से ही फर्स्ट क्लास डेब्यू किया थी। यह बहुत खास है। यह पुणे में हुआ था। (तब गेल वेस्ट इंडीज के लिए भारतीय युवा इलेवन के खिलाफ नवंबर 1998 में खेले थे।) यह कुछ ऐसा है, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगा। बता दें हाल ही में गेल ने इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के मारने के रेकॉर्ड में शाहिद अफरीदी की बराबरी कर ली है। गेल और अफरीदी 476 छक्के जड़कर संयुक्त रूप से नं 1 है। इस पर गेल हंसते हुए कहते हैं कि वह अब इंटरनेशनल क्रिकेट में छक्के नहीं जड़ेंगे और अब से सिर्फ चौके लगाएंगे। गेल मजाकिया अंदाज में कहते हैं, मैं बूम-बूम अफरीदी से आगे नहीं जाना चाहता। हम दोनों 476 छक्कों पर एक साथ रहेंगे, जिससे दो लेजंड शीर्ष पर बराबरी पर रहेंगे। अपने करियर में 103 टेस्ट और 284 वनडे मैच खेल चुके गेल से जब यह पूछा गया कि टेस्ट और वनडे में भी शानदार रेकॉर्ड होने के बावजूद उनकी पहचान बतौर टी20 खिलाड़ी के रूप में ही ज्यादा है, तो क्या इससे उन्हें कुछ खराब लगता है? इसके जवाब में इस धाकड़ लेफ्टहैंडर बल्लेबाज ने कहा, मैं पहली नजर में यह सुनकर हंसता ही हूं। मैं सोचता हूं कि मैंने क्रिकेट के बाकी 2 फॉर्मेट में जो किया वह किसी को याद ही नहीं। लेकिन अब मैं सोचता हूं कि ठीक है वह यह सोचते हैं कि क्रिस गेल टी20 में सबसे बेस्ट खिलाड़ी है।

हसीन जहां को महंगा पड़ा मॉडलिंग करना, शमी के वकील बोले- अब कैसा गुजारा भत्ता

अमरोहा 9 अगस्त (ए.)। क्रिकेटर मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां को दोबारा मॉडलिंग में करिअर आजमाने की कोशिश ने मुश्किल में डाल दिया है। सोशल मीडिया पर मॉडलिंग के अलावा फिल्म निर्देशकों के साथ हसीन की तस्वीरों व मीडिया रिपोर्टों को शमी ने कानूनी लड़ाई में अपना हथियार बना लिया है।

शमी के वकील ने कोर्ट से कहा है कि जब हसीन मॉडलिंग करने के साथ ही फिल्में साइन कर रही हैं तो फिर उन्हें किस बात का गुजारा भत्ता दिया जाए। क्रिकेटर पति मोहम्मद शमी से अलग अपनी बेटी के साथ कोलकाता में रह रहीं हसीन जहां ने कुछ समय पूर्व वापस मॉडलिंग के क्षेत्र में उतरने की बात कही थी। इसके साथ ही उन्होंने मॉडलिंग के कुछ फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए थे। वहीं, दो फिल्म निर्देशकों के साथ अपनी तस्वीरों को भी मीडिया से शेयर करते हुए जल्द ही फिल्मों में उतरने का दावा किया था। क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने सोशल व प्रिंट मीडिया में हसीन से संबंधित फोटो व खबरों को बतौर साक्ष्य एकत्र कर लिया है। गौरतलब है कि हसीन जहां ने शमी के खिलाफ कोलकाता कोर्ट में प्रतिमाह गुजारा भत्ता देने के लिए केस दायर किया है। शमी के वकील ने हसीन जहां के मॉडलिंग संबंधी फोटोग्राफ व मीडिया रिपोर्ट को न्यायालय में पेश कर कहा है कि हसीन ने मॉडलिंग व फिल्मी क्षेत्र में अपना करिअर स्थापित कर लिया है। ऐसी स्थिति में वह किसी तरह के गुजारा भत्ता की हकदार नहीं है। हसीन के वकील ने विरोध करते हुए कहा है कि अभी सिर्फ बात चल रही है, हसीन न तो मॉडलिंग कर रही हैं और न ही उन्होंने कोई फिल्म साइन की है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है।

बल्लेबाज को सेंचुरी नहीं बनाने दी, क्रिकेटर पर लगा नौ मैच का बैन

नई दिल्ली 9 अगस्त (ए.)। क्रिकेट को भद्रजनों का खेल माना जाता है, लेकिन भद्रजनों के इस खेल में कभी-कभी ऐसी घटनाएं हो जाती हैं, जो इस खेल की छवि को नुकसान पहुंचाती हैं। ऐसी ही एक घटना इंग्लैंड में एक स्थानीय क्रिकेट लीग में देखने को मिली। दरअसल एक खिलाड़ी को विपक्षी खिलाड़ी को सेंचुरी नहीं बनाने दी, जिसके बाद आरोपी खिलाड़ी पर 9 मैचों का प्रतिबंध लगा दिया गया है। घटना सोमरसेट क्रिकेट लीग है, जहां शनिवार को पर्नेल्स क्रिकेट क्लब और माइनहेड सेकेंड इलेवन के बीच एक मैच खेला जा रहा था। इस दौरान माइनहेड सेकेंड इलेवन की टीम जीत के कगार पर थी और उसका एक बल्लेबाज अपने पहले शतक के भी नजदीक था।

इस दौरान एक शॉट बाउंड्री की तरफ गया तो पर्नेल क्रिकेट क्लब के एक खिलाड़ी ने गेंद को जानबूझकर बाउंड्री के पार भेज दिया, जिससे माइनहेड सेकेंड इलेवन की टीम को 5 रन मिले और टीम मैच जीत गई। लेकिन इस सभी के बीच क्रीज पर मौजूद माइनहेड का एक बल्लेबाज अपने पहले शतक से चूक गया। इस घटना के बाद सोमरसेट क्रिकेट लीग ने संज्ञान लेते हुए आरोपी क्रिकेटर को खेल भावना का दोषी पाया और 9 मैचों के लिए प्रतिबंधित कर दिया। अपने एक बयान में सोमरसेट क्रिकेट लीग ने कहा है कि सोमरसेट क्रिकेट लीग ने माइनहेड सेकेंड इलेवन और पर्नेल्स क्रिकेट क्लब के बीच हुई घटना की जांच की है, जो कि 4 अगस्त, 2018 को खेला गया था।

संन्यास पर बोले धोनी, अगले विश्व कप तक कहीं नहीं जाने वाला

मुंबई 9 अगस्त (ए.)। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वन डे मैच की समाप्ति के बाद जिस तरह से धोनी ने अंपायर से गेंद ली थी, उसके बाद से ही उनके संन्यास पर अटकलें लगनी शुरू हो गई थी, लेकिन बाद में धीरे-धीरे इस पर चीजें साफ हुईं। पहले टीम मैनेजमेंट ने इस पर आकर सफाई दी थी। तब टीम के कोच रवि शास्त्री ने कहा था कि उन्होंने रिवर्स स्विंग को परखने के लिए गेंद अंपायर से ली थी। अब धोनी की भी इस पर सफाई आ गई है।

पूर्व भारतीय कप्तान ने मुंबई में एक प्रमोशनल के इतर कहा कि उन्होंने अंपायरों से गेंद इसलिए ली थी क्योंकि उन्हें जानना था कि आखिर भारतीय गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग क्यों नहीं मिल रहा था। धोनी ने कहा कि पारी के बाद गेंदें आईसीसी की किसी काम की नहीं रह जाती। इसलिए उन्होंने अंपायर से निवेदन किया कि क्या वह गेंद ले सकते हैं। इस पर अंपायर ने गेंद धोनी के हाथ में थमा दी। धोनी ने भी ड्रेसिंग रूम में आकर गेंद गेंदबाजी कोच भरत अरूण के हवाले कर दी। धोनी ने कहा कि अगले साल इंग्लैंड में लगभग इसी कंडीशन में विश्व कप होना है इसलिए जरूरी है कि हर उस चीज को जांच परख लिया जाए, जिससे विश्व कप में टीम का भला हो। उन्होंने टीम के गेंदबाजों की मदद के लिए गेंद अंपायर से मांगी थी, ताकि वे पुराने गेंद पर प्रैक्टिस कर सकें और रिवर्स स्विंग का भी अंदाजा लगाया जा सकें। कोहली के बारे में धोनी ने दो टूक कहा कि वह महानतम बनने के करीब हैं।

भारत-इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट में बारिश ने डाला खलल

स्ट्रैमिंग 9 अगस्त (ए.)। पहला मैच हारने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम लॉर्ड्स पर गुरुवार से शुरू हुए दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के सामने होगी तो उसकी कोशिश अपने बल्लेबाजों के जिम्मेदाराना प्रदर्शन के दम पर जीत की राह पर लौटने की होगी। बारिश की वजह से अभी तक टॉस नहीं हो पाया है। कप्तान विराट कोहली को अगर बर्मिंघम में बाकी बल्लेबाजों से सहयोग मिला होता तो हालात दीगर होते। दुनिया की नंबर एक टीम बहुत लेने के करीब पहुंची थी लेकिन 31 रन से चूक गई। भारतीय ड्रेसिंग रूम में माहौल हालांकि आत्मविश्वास से भरा है। मैच के दो दिन पहले लॉर्ड्स पर काफी घास थी लेकिन पहली गेंद पड़ने से पहले इसकी छंटाई होने की उम्मीद है। यदि नहीं भी होता है तो ऐसा माना जा रहा है कि पिच सूखी ही होगी। भारतीय खेमे को ऐसे में अपनी गेंदबाजी की रणनीति पर पुनर्विचार करना होगा। पहले टेस्ट में बल्लेबाजों के नाकाम रहने के बावजूद गेंदबाजी कोच भरत अरूण ने अतिरिक्त बल्लेबाज को उतारने की संभावना से इनकार किया। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरे स्पिनर पर विचार हो सकता है। ऐसे में उमेश यादव को बाहर रहना पड़ सकता है क्योंकि ईशांत शर्मा, मोहम्मद शमी और हार्दिक पंड्या तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे।

टीम इंडिया के साथ अनुष्का शर्मा की तस्वीर पर क्या रोहित शर्मा ने सचमुच जताया है विरोध!

नई दिल्ली 9 अगस्त (ए.)। टीम इंडिया इंग्लैंड में दूसरे टेस्ट मैच से पहले लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पहुंची। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के ट्विटर हैंडल से शेयर फोटो में सबसे आगे की लाइन में कप्तान विराट कोहली के साथ उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा खड़ी नजर आ रही हैं। ऐसे में कई लोगों ने इस बात पर नाराजगी जताई। क्योंकि इंडियन क्रिकेट टीम के उपकप्तान यानी अजिंक्य रहाणे इस फोटो में सबसे आखिरी लाइन में पीछे खड़े नजर आ रहे हैं। कई लोगों ने बीसीसीआई से यह तक कह दिया है कि यह कोई फैमिली फोटो नहीं है, टीम इंडिया का फोटो है। कई लोगों ने इस बात पर भी सवाल उठा दिए हैं कि किसी दूसरे क्रिकेटर की पत्नी इस आधिकारिक दौरे पर क्यों नहीं नजर आ रही हैं।

वहीं, इसके बाद जब एक फैन ने क्रिकेटर रोहित शर्मा को ट्वीट में टैग करते हुए लिखा, रोहित शर्मा की वजह से जो जगह खाली हो गई थी उसे अनुष्का शर्मा ने भर दिया। मेरा मानना है कि पत्नी और गर्लफ्रेंड को तीसरे टेस्ट मैच तक खिलाड़ियों से मिलना मना है। खैर, अलग खिलाड़ियों के लिए अलग नियम हैं। रोहित शर्मा ने अपने प्रशंसक के इस ट्वीट को लाइक कर दिया। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि बल्लेबाज रोहित शर्मा इससे इत्तेफाक रखते हैं। यही नहीं, रोहित शर्मा ने एक और ट्वीट लाइक किया जिसमें लिखा था, नंबर-6 पर बैटिंग करते हुए रोहित शर्मा का औसत 58.19 का है। जो कि मौजूदा समय में खेल रहे दुनिया के किसी भी बल्लेबाज से ज्यादा है।

बता दें कि टीम इंडिया के इंग्लैंड दौरे की टी20 और वनडे सीरीज खत्म हो होने के बाद टेस्ट मैचों के लिए रोहित शर्मा को नहीं चुना गया। रोहित ने पहले टी20 सीरीज के आखिरी मैच में शतक लगाया और उसके बाद पहले वनडे में भी शानदार शतक लगाया। इसके बावजूद रोहित का टेस्ट टीम में चयन न होना एक नजर में तो चौंका ही सकता है।

उल्लेखनीय है कि ऐसा पहली बार नहीं है कि रोहित को नजरअंदाज किया गया हो। इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में भी उन्हें शामिल नहीं किया गया था। वहीं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले दो मैचों में खिलाए जाने के बाद भी उन्हें तीसरे टेस्ट में नहीं चुना गया था। इसके बाद रोहित ने ट्वीट कर कहा कि सूरज फिर उगेगा। इससे जाहिर होता है कि रोहित शर्मा टीम में खेलने के लिए बेताब हैं।

पत्नी या गर्लफ्रेंड के लिए नए नियम

दरअसल, बीसीआई ने एक नया नियम भी लागू किया है कि अब मैच के शुरुआती 14 दिन क्रिकेटर्स की पत्नियों का आना मना होगा। इसके बाद के दो हफ्तों यानी चौदह दिन के लिए पत्नियां अपने क्रिकेटर पतियों के साथ रह सकती हैं। हालांकि, बीसीसीआई ने अभी यह तय नहीं किया है कि ये 14 दिन कौन से होंगे। इसका फैसला क्रिकेट खिलाड़ियों और उनकी

प्रेग्नेंसी में भी कोर्ट पर टेनिस खेलती हुई नजर आईं सानिया मिर्जा

नई दिल्ली 9 अगस्त (ए.)। भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा की बहन अनम मिर्जा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल प्रेग्नेंट होने के कारण सानिया मिर्जा इन दिनों टेनिस कोर्ट से दूर हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर वह काफी एक्टिव रहती हैं। हाल में उनका एक फोटो शूट भी काफी चर्चा में रहा था।सानिया मिर्जा ने अपना जो नया वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है उसमें वह कोर्ट में टेनिस खेलती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो में सानिया के साथ उनकी छोटी बहन अनम मिर्जा हैं जो कोर्ट पर उनका साथ दे रही हैं। टेनिस खेलती हुई दोनों बहनों के साथ उनके पिता इमरान मिर्जा भी दिख रहे हैं जो किनारे पर खड़े हैं। अनम मिर्जा ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, जल्द ही मां बनने वाली (सानिया) से कुछ गेंदों को हिट करवा रही हूं। इमरान मिर्जा नहीं मानते हैं कि मैं भी सानिया की तरह टेनिस खेल सकती हूं।

रोजर्स कप: पहले दौर में जीते जोकोविच, अब पोलैंस्की से भिड़ंत

टोरंटो 9 अगस्त (ए.)। पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने रोजर्स कप की शानदार शुरुआत की है। उन्होंने पहले दौर में बोस्निया-हर्जेगोविना के मिर्जा बेसिक को 6-3, 7-6 (7-3) से मात देकर दूसरे दौर में जगह बना ली। बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव, क्रोएशिया के मारिन सिलिच ने क्रमशः स्पेन के फर्नांडो वर्दास्को और क्रोएशिया के बोर्ना कोरिच को मात देकर तीसरे दौर में जगह बनाई। 9वीं सीड जोकोविच को पहले दौर में साउथ कोरिया के ह्योन चुंग से भिड़ना था, लेकिन चुंग ने पीठ में समस्या के कारण अपना नाम वापस ले लिया। अगले दौर में जोकोविच का सामना कनाडा के पीटर पोलैंस्की से होगा। एटीपी की वेबसाइट ने जोकोविच के हवाले से लिखा, 'मुझे लगता है कि आज अच्छी सर्विस की हालांकि दूसरे सेट में कुछ डबल फॉल्ट हुईं, लेकिन आमतौर पर देखा जाए तो मैंने कई शॉट अच्छे खेले।' दिमित्रोव ने वर्दास्को को 4-6, 6-2, 7-6 (7-5) से मात दी। अगले दौर में उनका सामना कनाडा के मिलोस राओनिक और अमेरिका के फ्रांसिस टियाफोए के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। सिलिच ने कोरिच को 6-3, 3-6, 6-1 से हराते हुए तीसरे दौर में प्रवेश किया जहां उनका सामना अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्टज्मान और अमेरिका के सैम क्वेरी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

पृष्ठ 1 का शेष...

आत्म गौरव और ...

प्रतिभाशाली लोगों और विभिन्न समाज प्रमुखों को सम्मानित किया। उन्होंने समारोह में 51 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मेक बुक और राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं में सफलता अर्जित करने वाले एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों को स्पोर्टस वॉच प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ. सिंह ने आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की उपलब्धियों पर केन्द्रित पुस्तक 'विकास की गाथा', छत्तीसगढ़ अंत्यावसायी वित्त एवं विकास निगम के वार्षिक प्रतिवेदन और छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष जी.आर.राना द्वारा संकलित नौ पुस्तकों का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने खाद्यान्न सुरक्षा योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ में कोई भी भूखा नही सोता। राज्य सरकार ने वनवासियों के पैर में गड़ने वाले कांटे की भी चिंता की है। राज्य शासन द्वारा लगभग 14 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुकाएं वितरित की जाती है। शिक्षा के माध्यम से पीढ़ियों के निर्माण का कार्य राज्य सरकार कर रही है। दंतेवाड़ा का जावंगा एजुकेशन हब देश का आदिवासी बच्चों की शिक्षा का सबसे बेहतर मॉडल है। बस्तर के बच्चे शिक्षित होकर शिक्षक बनने की कल्पना करते थे, लेकिन आज यहां के बच्चे राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों में पढ़ाई कर रहे हैं और संघ लोक सेवा आयोग और राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में सफल होकर प्रशासनिक पदों पर पहुंच रहे है। वह दिन दूर नहीं जब बस्तर के बच्चे कलेक्टर, एस.पी. और सी.ई.ओ. बनकर वहां का प्रशासन संभालेंगे। उन्होंने कहा कि आज बस्तर और छत्तीसगढ़ बदल रहा है। बस्तर में सड़क कनेक्टिविटी, एयर कनेक्टिविटी, बिजली की कनेक्टिविटी के साथ अब संचार क्रांति योजना के माध्यम से टेलीकॉम कनेक्टिविटी से जोड़ने का काम किया जा रहा है। अगले तीन माह में 40 लाख महिलाओं के हाथ में स्मार्ट फोन होगा। इससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

आदिम जाति विकास मंत्री केदार कश्यप ने आदिवासी समाज के लिए संचालित राज्य शासन की योजनाओं का उल्लेख किया।